Title: Request the Government to protect the interests of women and to take steps for their upliftment.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि सारे देश के अंदर चाहे तुफान आता है या दूसरी प्राकृतिक विपत्तियां आती हैं तो महिलाएं ही ज्यादा परेशान होती हैं। चाहे दलित वर्ग की महिलाएं हों, मध्यम वर्ग की महिलाएं हों या पिछड़े वर्ग की महिलाएं हों, उन पर ही बलात्कार और अत्याचार होता है। आज की महंगाई के जमाने में इन वर्ग की महिलाओं को कभी-कभी अपने जीवन-निर्वाह के लिए अनचाहे रास्ते भी अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दलित, मध्यम और पिछड़े वर्ग की महिलाएं अपना जीवनयापन सही ढंग से कर सकें, इसके लिए भारत सरकार की ओर से उनके लिए कोई स्पेशल पैकेज बनाया जाए, जिससे ऐसी महिलाओं को एनजीओज के द्वारा तथा भारत सरकार के द्वारा उचित मदद मिले तथा वे अपना और अपने बच्चों का पालन-पोाण सही ढंग से कर सकें और सम्मान से जी सकें। आज जो अत्याचार बिहार में हो रहा है उसमें भी हत्याएं बच्चों और महिलाओं की होती हैं। आज वहां महिलाएं असुरक्षित हैं। इसलिए मैं आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इन सब वर्ग की महिलाओं के सम्मानपूर्वक जीवन-यापन के लिए उनको रोजगार दिया जाए और उनकी समितियां बनाकर, उनकी सहायता करके, उनके हितों का संरक्षण किया जाए।